Regarding giving 600 Hectare agricultural land to Coal India Limited (CIL) Company for Graphite mining

श्रीमती अनीता नागरसिंह चौहान **(**रतलाम**) :** माननीय अध्यक्ष जी, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, उसके लिए मैं आपको धन्यवाद देती हूं ।

माननीय अध्यक्ष जी, मैं रतलाम संसदीय क्षेत्र से आती हूं । मेरे संसदीय क्षेत्र के अलीराजपुर जिले के तीन पंचायतों की 600 हेक्टेयर कृषि भूमि की नीलामी बोली लगायी गयी थी, जिसमें कोल इंडिया लिमिटेड (सी.आई.एल.) कंपनी को ग्रैफाइट खनन के लिए स्वीकृति दी गयी ।

अध्यक्ष जी, आपके माध्यम से मैं माननीय मंत्री जी से निवेदन करती हूँ कि इसे रद्द किया जाए । लोग भयभीत हैं, सड़कों पर उतर आए हैं । अगर इसे नहीं रोका गया तो स्थिति बहुत खराब हो जाएगी । क्योंकि पूरी ज़मीन पर खेती की जाती है, सब उसी पर निर्भर हैं ।

धन्यवाद ।

माननीय अध्यक्ष **:** ये हमारी नई सदस्य हैं । जिला परिषद की सभापति भी रही हैं और दूर-दराज़ के गांव से आती हैं ।

? (व्यवधान)